दिन– मंगलवार | दिनांक– 27 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा प्रत्याशी मनन कुमार मिश्रा राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित।

02. सीबीआई ने पटना और धनबाद क्षेत्र के इनकम टैक्स विभाग के प्रधान आयकर आयुक्त को दस लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। चार अन्य आरोपी भी गिरफ्तार।

03. गंगा, कोसी, महानंदा समेत विभिन्न नदियों में उफान से भागलपुर, पटना, खगड़िया, मुंगेर और कटिहार जिले के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

04. और, पटना जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में छिहत्तर स्कूलों में पठन–पाठन स्थगित किया गया।

————————————————————————————

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के प्रत्याशी मनन कुमार मिश्रा राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बिहार की दो सीटों के लिए केवल दो प्रत्याशियों ने ही नामांकन पत्र दाखिल किये थे। आज नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा वापस नहीं लिया जिसके बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा एनडीए की घटक पार्टी है और भाजपा ने उन्हें उप चुनाव में समर्थन दिया था। वहीं, मनन कुमार मिश्रा सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता है और वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने श्री मिश्रा को उप चुनाव में एक सीट के लिए मैदान में उतारा था।

————————————————————————————

राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किये जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि वह उच्च सदन में वंचितों की आवाज बुलंद करेंगे। श्री कुशवाहा ने उनपर भरोसा दिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है।

———बाईट———

भाजपा के मनन कुमार मिश्र ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी निष्ठा से वो निर्वाह्न करेंगे।

———बाईट———

निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद दोनों उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। श्री कुमार ने दोनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी दोनों निर्वाचित उम्मीदवारों को बधाई दी है।

——————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी दो सितम्बर से देशभर में सदस्यता नवीनीकरण अभियान की शुरूआत करेगी। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने नई दिल्ली में यह जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा सभी सदस्यों को अपनी सदस्यता नवीनीकृत कराने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि दो सितम्बर को सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से अपनी सदस्यता प्राप्त करेंगे। श्री तावड़े ने बताया कि भाजपा के संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान का पहला चरण पच्चीस सितम्बर को सम्पन्न होगा।

——————————————————————————

सीबीआई ने पटना और धनबाद क्षेत्र के इनकम टैक्स विभाग के प्रधान आयकर आयुक्त को दस लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी ने आयकर दाताओं के नोटिस को रफादफा करने के आरोप में आयकर अधिकारी के साथ चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी इन सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पटना, धनबाद, नोएडा सहित इक्कीस ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपियों को कल पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जायेगा।

——————————————————————————

अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत इस्लाम नगर में एक चोर के साथ अमानवीय व्यवहार किये जाने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में स्थानीय लोग पकड़े गये चोर के कपड़े उतरवाकर उसके साथ मार—पीट और दुर्व्यवहार कर रहे हैं। अररिया के पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने वायरल वीडियो की जांच के बाद इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इधर, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अररिया की घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था के मामले में पूरी तरह से असफल है।

———बाईट———

——————————————————————————

पैरालंपिक खेल कल से पेरिस में शुरू हो रहे हैं। इन खेलों में भारत ने चौरासी खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है जो बारह स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उनसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने दो हजार इक्कीस में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड उन्नीस पदक जीते थे और वह वह तालिका में चौबीसवें स्थान पर रहा था।

———————————————————————————

गंगा, कोसी, महानंदा समेत विभिन्न नदियों में उफान से भागलपुर, पटना, खगड़िया, मुंगेर और कटिहार जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। कई स्थानों पर सड़कों पर पानी फैल जाने से आवागमन बाधित हो गया है। इधर, गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के मद्देनजर पटना जिला प्रशासन ने नदी के तटीय क्षेत्रों और दियारा इलाकों में स्कूलों को इकतीस अगस्त तक बंद करने के निर्देश दिये हैं। भागलपुर में गंगा नदी में आई बाढ़ से सबौर, नाथनगर समेत कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित है। निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोग ऊंचे स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

खगड़िया जिले में गंगा और बूढ़ी गंडक नदी के रौद्र रूप से विभिन्न प्रखंडों और दियारा इलाकों में लोग सहमे हुये हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

गंगा और बूढ़ी गंडक नदी में उफान से जिले के परवत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड के दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। गंगा और गंडक नदी अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राहत की बात यह है कि पिछले चौबीस घंटे से जलस्तर स्थिर है। बाढ़ से एक सौ से अधिक स्कूल प्रभावित है। इन स्कूलों के रास्ते और स्कूल परिसर में भी बाढ़ का पानी भरा है। सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी और मध्य पंचायत के कारू मंडल टोला, मथार, एकनियाँ दियारा, जंगली मंडल टोला, नन्हकू मंडल टोला, चम्मन टोल आदि करीब एक दर्जन विद्यालय चौतरफा पानी से घिरे हैं। जिला आपदा प्रभारी के मुताबिक बाढ़ प्रभावित इलाके में 25 नावों का परिचालन किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता कृपाल चौधरी के मुताबिक जिले के सभी तटबंध सुरक्षित हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन

कटिहार जिले में मनिहारी प्रखंड समेत विभिन्न इलाकों में गंगा और बरंडी नदी का पानी फैल गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक मदद नहीं मिल पाने के कारण प्रभावित लोगों में आक्रोश है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

कटिहार जिले में गंगा और बरंडी नदी में बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बाढ़ का पानी नए क्षेत्र में प्रवेश करने से परेशानी बढ़ गई है। मनिहारी प्रखंड के धुरियाही पंचायत में बाढ़ का पानी फैल गया है। ग्रामीण अपने जान माल के साथ सेमापुर थाना क्षेत्र के प्रतापगंज बांध पर शरण लिए हुए हैं। सबसे खराब स्थिति यहां वार्ड

नंबर एक के मलकाइन संथाली टोला की है जहां आदिवासी समुदाय के दर्जनों लोग भूखे प्यासे समय गुजार रहे हैं। यहां सामुदायिक किचन नहीं चालू किये जाने से लोगों में आक्रोश है। इधर गंगा के साथ–साथ बरंडी नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है। जिससे तटबंधों पर दबाव बढ़ रहा है। कई जगहों पर अभी तक राहत शिविर नहीं चलाये जाने और मवेशियों के लिए चारे का प्रबंध नहीं किये जाने को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी आक्रोश जाहिर किया है। आपदा विभाग के अपर समाहर्ता नुरुल एन ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त इलाको में मवेशी के लिये जल्द ही चारा पहुंचाया जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिये कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा नदी का जलस्तर स्थिर है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत की उम्मीद जगी है।

———बाईट———

मुंगेर जिले में गंगा नदी में आई बाढ़ से कई प्रखंडों के विभिन्न गांवों में लोग पानी से घिरे हुए है । हवेली खड़गपुर प्रखंड की सबसे अधिक प्रभावित चार पंचायत के कई गांव में पिछले दस दिनों से बाढ़ का पानी फैला हुआ है। इससे प्रभावित लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। बाढ़ पीड़ितों की परेशानी को देखते हुए एसडीओ राजीव रौशन , सीओ संतोष कुमार और बीडीओ प्रियंका कुमारी ने कृष्णा नगर के लगभग पचास परिवारों के बीच पॉलीथीन शीट का वितरण किया। सठबिग्घी गांव में पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था की गई है। इधर गंगा नदीं का जलस्तर स्थिर होने से लोगों को थोड़ी राहत की उम्मीद जगी है।

आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह

———————————————————————————

नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों और प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर और पटना के दीघा घाट में बढ़ रहा है। वहीं, पटना के गांधीघाट, हाथीदह, भागलुपर और कहलगांव समेत विभिन्न स्थानों पर लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामन्य रही हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई और नालंदा जिलों में कई स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। वहीं, नवादा, गया, अरवल, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। जमुई के खैरा में सबसे अधिक बहत्तर मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, रोहतास और नवादा जिलों में कई स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा प्रत्याशी मनन कुमार मिश्रा राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित।

02. सीबीआई ने पटना और धनबाद क्षेत्र के इनकम टैक्स विभाग के प्रधान आयकर आयुक्त को दस लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। चार अन्य आरोपी भी गिरफ्तार।

03. गंगा, कोसी, महानंदा समेत विभिन्न नदियों में उफान से भागलपुर, पटना, खगड़िया, मुंगेर और कटिहार जिले के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

04. और, पटना जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में छिहत्तर स्कूलों में पठन–पाठन स्थगित किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।